# <u>बीएचईएल ने आरवीएनएल के साथ सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया</u>




अपनी संबंधित क्षमताओं के तालमेल के माध्यम से, भारत में और विदेशों में बुनियादी ढांचे और परियोजना निष्पादन के क्षेत्र में संयुक्त रूप से काम करने के लिए बीएचईएल और रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) ने एक सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह भारत सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' की दिशा में वर्तमान में चल रहे तथा भविष्य में शुरू होने वाले प्रचालन क्षेत्रों में सहयोग का मार्ग प्रशस्त करेगा।

*****